05.09.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10 pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार:

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया सम्मानित।
- प्रधानमंत्री ने कहा जीएसटी सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था में "पंच रत्न" को किया शामिल।
- मुख्यमंत्री ने पन्ना जिले में 106 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।
- अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के 22 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

राष्ट्रपति–शिक्षक दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि विकास में महिलाओं को अग्रणी भूमिका देने का सबसे प्रभावी उपाय यह है कि बेटियों को सर्वोत्तम शिक्षा दी जाए। आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह में उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में एक अमूल्य योगदान है।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा से कमजोर वर्गों के बच्चों का सशक्तिकरण होता है और उनकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा को सुलभ और स्कूल स्तर पर सरल बनाने पर विशेष बल दिया गया है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्रदेश के दमोह जिले की प्राथमिक शिक्षक शीला पटेल, आगरमालवा जिले के भेरूलाल ओसारा, संभागीय आईटीआई, गोविंदपुरा, भोपाल के प्रशिक्षण अधिकारी राजेंद्र मालवीय और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च, भोपाल के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. चंदन शाही शामिल हैं।

शिक्षक दिवस–राज्य

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षक दिवस पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि देश और समाज के निर्माता शिक्षक होते हैं, वह भावी पीढ़ी को संस्कार, ज्ञान और कौशल प्रदान करते हैं।

वहीं मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि शिक्षा ही समाज एवं राष्ट्र की प्रगति का आधार है, और शिक्षक ही इस आधार के सच्चे शिल्पी हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों को चतुर्थ कार्यमान वेतनमान प्रदान किया जाएगा। इस निर्णय से प्रदेशभर के लगभग 1 लाख 50 हजार शिक्षक लाभान्वित होंगे। इस दौरान उन्होंने पहली से 8वीं कक्षा तक के 55 लाख विद्यार्थियों को शाला गणवेश के लिए 330 करोड़ रुपये का भी अंतरण किया। राज्य के नर्मदापुरम,खंडवा,मंदसौर,शहडोल सहित अन्य जिलों से भी शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किये जाने के समाचार प्राप्त हुये हैं।

प्रधानमंत्री – जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु एवं सेवा कर–जीएसटी को तर्कसंगत बनाने को आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा सुधार बताया है। श्री मोदी ने कहा कि इस कदम से कई वस्तुओं पर कर में कटौती होने से मध्यम वर्ग की जेब में पैसा आने की उम्मीद है। श्री मोदी ने कहा कि दो–स्लैब कर 22 सितंबर, यानी नवरात्रि के पहले दिन से लागू हो जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि समय पर बदलाव किए बिना हम अपने देश को आज के वैश्विक संदर्भ में उसका उचित स्थान नहीं दिला सकते। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था में "पंच रत्न" को शामिल किया है। गौरतलब है कि बुधवार को जीएसटी परिषद ने कई वस्तुओं

पर करों में कटौती की है – जिनमें खाद्य पदार्थ, दवाइयाँ, आवश्यक वस्तुएँ, कृषि उत्पाद, हरित ऊर्जा, छोटी कारें और मोटर–साइकिल शामिल हैं। वहीं जीवन और चिकित्सा बीमा, जीवन रक्षक दवाएँ और डेयरी उत्पाद व ब्रेड सहित खाद्य पदार्थ जैसी महत्वपूर्ण वस्तुओं को कर मुक्त कर दिया गया है।

सरस आजीविका मेला

27वां सरस आजीविका मेला आज से नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में शुरू हो गया है। देश भर के राज्यों से स्व–सहायता समूहों से जुड़ी 400 से अधिक ग्रामीण महिलाएं इस मेले में भाग ले रही हैं। इस वर्ष के मेले का विषय है– लखपति दीदियों का निर्माण – सफल उद्यमी और वोकल फॉर लोकल की चैंपियन बनने के लिए ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण। मेले का नेतृत्व लखपति दीदियाँ कर रही हैं, जहाँ उनके हस्तशिल्प, हथकरघा और खाद्य उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। यह मेला इस महीने की 22 तारीख तक चलेगा।

मुख्यमंत्री पन्ना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पन्ना जिले के अमानगंज में आयोजित महिला सम्मेलन में 106 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार, बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ युवाओं को भी सशक्त कर रही है।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आगामी 11 सितम्बर को अपने स्कूल में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी देने जा रही है।

मौसम

प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटो के दौरान, प्रदेश के सभी सभागों के जिलो में अधिकांश स्थानों पर बारिश दर्ज़ की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के 22 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। रतलाम, झाबुआ,मंदसौर और नीमच जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, सिहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, गुना, श्योपुरकला, और नरसिंहपुर जिलो में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। अगले 2 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।

ईद मिलाद उन नबी

प्रदेश में भी आज ईद मिलाद–उन–नबी का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व को पैगंबर हजरत मुहम्मद के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जो इस्लाम के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इस दिन मुस्लिम समुदाय आखिरी पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जीवन, शिक्षाओं और मानवता के प्रति उनके योगदान को याद करते हैं। बड़वानी जिले में ईद मिलादुन्नबी पर मुस्लिम समाज ने तिरंगा लेकर जुलूस निकाला।

<u>कुछ समाचार संक्षेप में .....</u>

- राष्ट्रीय पोषण आहार दिवस पर आगरमालवा जिले के नलखेड़ा में कल कार्यशाला आयोजित हुई ।
- सीहोर जिले के भैरूंदा सिविल अस्पताल में मातृ और शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए कार्यशाला आयोजित हुई।
- नीमच जिले में राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन योजना के तहत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पोषण आहार सप्ताह के उपलक्ष्य में छात्राओं को संतुलित भोजन, पौष्टिक तत्वों और स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी गई।
- राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में नेत्र दानदाताओं के परिवारों को सम्मानित किया गया।

-----------------------------